**Q.P. Code:00003424**

[समय: ३ घंटे] [पूर्णांक : १००]

**(कृपया जांचें कि आपको सही प्रश्न पत्र मिला है या नहीं।)**

**सूचनाएँ:**
**१. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**
**२. दायीं ओर के अंक पूर्ण अंक दर्शाते हैं।**
**3. उत्तर पुस्तिका में प्रश्न क्रमांक व उप क्रमांक अवश्य लिखे |**

**प्रश्न १. निम्न लिखित अवतरणों की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए |** **(३०)**

**(क)** "वो मुतमईन हैं कि पत्थर पिघल नहीं सकता |
मैं बेक़रार हूँ आवाज में असर के लिए |"

**अथवा**

"लगभग भागते हुए चेहरे के साथ,
दफ़्तर जाने लगती है
सहसा चौरास्ते पर जली लाल बत्ती जब,
एक दर्द हौले से हिरदै को हूल गया
ऐसी क्या हड़बड कि जल्दी में पत्नी को चूमना.. देखो, फिर भूल गया |"

**(ख)** "नहीं, स्वास्थ्य के प्रति बहुत सतर्क रहते हैं वे लोग... और लड्डू वड्डू तो बिलकुल नहीं खाते तभी तो फ़ूड इन्फेक्शन से वगैरह से जुडी सारी खबरें तुम्हारी जैसी चाल वालों की ही होती हैं |"

**अथवा**

"इस स्थिति में बुआ को अपनी जिन्दगी पास पडोसवालों के भरोसे ही काटनी पड़ती थी | किसी के घर मुंडन हो, छठी हो, जनेऊ हो, शादी हो या गमी, बुआ पहुँच जाती और फिर छाती फाड़कर कम करतीं, मानों वे दूसरे के घर में नहीं, अपने ही घर में काम कर रही हो |"

**प्रश्न २. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से दीजिए।** **(२०)**

**(च)** 'बात बोलेगी' कविता सच्चाई के पक्ष में कही गई है | इस पंक्ति पर विस्तार से प्रकाश डालिए |

**अथवा**

'हम दीवानों की क्या हस्ती' कविता के माध्यम से जीवन के प्रति एक फक्कड़ और मस्ती भरा दृष्टिकोण किस तरह से लेखक ने प्रस्तुत किया हैं | स्पष्ट कीजिए |

**(छ)** 'सिक्का बदल गया' कहानी की कथावस्तु को अपने शब्दों में लिखिए |

**अथवा**

'दलित ब्राह्मण' कहानी के तीनों पात्रों के संवादों पर प्रकाश डालिए |

**प्रश्न ३. निम्न लिखित विषय पर टिप्पणियाँ लिखिए।** **(१०)**

**(ज)** 'बाघ' कविता का केन्द्रीय भाव |

**अथवा**

'विद्रोहिणी' कविता में स्त्री पर थोपी गई वर्जनाओं का विरोध |

**(झ)** गदल का चरित्र-चित्रण |

**अथवा**

'कब्र का मुनाफ़ा' कहानी का उद्देश्य |



X0279Y426463X0279Y426463X0279Y426463X0279Y426463

| | | |
|---|---|---|
| **प्रश्न ४.** | **निम्न लिखित प्रश्नों के एक वाक्य में उत्तर लिखिए।** | **(१०)** |
| १. | ‘वैतरणी करोगे पार’ कविता के माध्यम से कवि क्या संदेश देते हैं? | |
| २. | ‘युग की गंगा’ यह किस कवि का काव्य संग्रह हैं? | |
| ३. | राष्ट्रकवि का सम्मान किसे मिला हैं? | |
| ४. | ‘बसंती हवा’ कविता में कवि ने किसका मानवीकरण किया हैं? | |
| ५. | स्री को किसने लंगड़ा बनाया? | |
| ६. | गजाधर बाबू ने रेलवे में कुल कितने साल की नौकरी की? | |
| ७. | गदल के नये पति का नाम क्या था? | |
| ८. | सुभाष सोनकर ने कौन सी रिपोर्ट बनवाई थी? | |
| ९. | ‘घुसपैठिये’ कहानी में अफसर के रूप में किसने किरदार निभाया हैं? | |
| १०. | ‘कब्र का मुनाफ़ा’ कहानी के लेखक का नाम लिखिए? | |
| **प्रश्न ५.** | **निम्न लिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए।** | **(१०)** |
| १. | यदि मैं राष्ट्रपति होता तो \| | |
| २. | हिंदी दिवस \| | |
| ३. | नोटबंदी का प्रभाव \| | |
| ४. | साहित्य और समाज \| | |
| **प्रश्न ६.(अ)** | **निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए।** | **(१०)** |
| **य)** | **निम्नलिखित शब्दों के लिंग परिवर्तन कीजिए \|** | |
| | I) पाठक, II) हरिण, III) सुत, IV) नाती \| | |
| **र)** | **निम्नलिखित शब्दों के वचन परिवर्तन कीजिए \|** | |
| | I) तना, II) देवता, III) लहर, IV) श्रोता \| | |
| **ल)** | **निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए \|** | |
| | I) आध्यात्मिक, II) स्वाधीन, III) व्यर्थ, IV) मौखिक \| | |
| **व)** | **निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए \|** | |
| | I) शत्रु, II) पुष्प, III) किनारा, IV) सरस्वती \| | |
| **भ)** | **निम्नलिखित मुहावरों का वाक्य में प्रयोग कीजिए \|** | |
| | I) दांत खट्टे करना, II) आँखें बिछाना, III) कमर कसना, IV) कलई खुलना \| | |
| **प्रश्न ६.(आ)** | **निम्नलिखित अवतरण का पल्लवन कीजिए \|** | **(१०)** |
| | जीवन को मर्यादित करने का सहज उपाय यह है कि मनुष्य नित्यकर्मों का पालन सावधानी से करें \| | |

***********



X0279Y426463X0279Y426463X0279Y426463X0279Y426463